54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.3 c अधिकतम 31.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:56, सूर्यास्त - 6:41 | वर्ष : 54/ अंक : 242 | बुधवार, 02 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

प्रेम किसी अन्य व्यक्ति को समझने का प्रयास है, लेकिन यह केवल तभी साकार हो सकता है, जब समर्पण पारस्परिक हो।

देश में कुछ लोग निराशा फैलाने और 'झूट की गूंज' के सहारे माहौल खराब करने में लगे हैं : मोदी



सच की सब घोषणाओं के आगे..... झूट की गूंज टिक नहीं सकती.....

# अचानक हमले पर गंग नहर में कूदे चार युवक, एक डूबा

**बेलड़ा मेले में दो पक्षों में कहासुनी के बाद बवाल ने लिया सांप्रदायिक रूप** | **भीड़ लेकर आए दबंगों से बचने को तीन युवकों ने गंगनहर में लगाई छलांग** | **दो युवक सकुशल बाहर निकले, एक युवक नहर में लापता, तलाश जारी** | **सर्च ऑपरेशन में पीएसी और पुलिस के गोताखोर जुटे, नहीं लगा सुराग**







**भोपा, 01 सितम्बर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के बेलड़ा मेले में सोमवार रात मामूली कहासुनी ने खौफनाक सांप्रदायिक टकराव रूप ले लिया। भीड़ लेकर मुस्लिम समुदाय के आरोपियों के पीछा करने पर जान बचाने के लिए तीन हिंदू युवकों ने उफनती गंगनहर में छलांग लगा दी। दो युवक किसी तरह सकुशल बाहर निकल आए, जबकि एक युवक के तेज बहाव में बह जाने की आशंका है। मंगलवार देर शाम तक भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीएसी और पुलिस के गोताखोर लापता हुए युवक की तलाश में जुटे हुए हैं, वहीं लापता युवक के परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। पुलिस ने मामले में मुस्लिम समुदाय के आरोपी सहित उसके अज्ञात साथियों पर मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी ने पुलिस को हर हाल में उसकी बरामदगी करने के निर्देश दिए हैं। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर बीते मंगलवार से मेले का आयोजन किया गया है। उक्त मेला शुरूआत से ही चर्चाओं का केंद्र बन गया था। बीते सोमवार की देर शाम भोपा निवासी अर्जुन मेले में घूमने के लिए गया था, तभी उसकी मुस्लिम समुदाय के आरोपी बेलड़ा निवासी रिजवान से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद अर्जुन ने अपने साथी वंश, विपुल और शेखर को बुला लिया। इसके बाद मेला स्थल के पास स्थित धर्मकांटे पर दोनों पक्षों में फिर मारपीट हुई। इस बीच रिजवान ने भी गांव से अपने साथियों को बुला लिया और अर्जुन व उसके साथियों पर हमला बोल दिया। चारों युवक जान बचाने के लिए वहां से भागे तो आरोपी पक्ष के युवकों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। अपने को घिरता देख चारों युवक जान बचाने के लिए गंगनहर की तरफ भागे और वंश, शेखर और अर्जुन ने एक साथ नहर में छलांग लगा दी। अंधेरे में तेज बहाव में तीनों गंगनहर में बहने लगे। अर्जुन और शेखर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन वंश गंग नहर से बाहर नहीं निकल सका, जिसके बाद उसके गंग नहर में डूबने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही देर रात भोपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन लापता युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। देर रात हुई इस घटना के बाद मंगलवार सुबह पीएसी की टीम और गोताखोर मौके पर पहुंचे और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मामले की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे एसपी देहात अक्षय संजय महादिक ने सर्च अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए है। युवक के लापता होने से उसकी माता मौसम, बहनों कोमल, प्रीति और वंशिका का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि लापता युवक की तलाश जारी है और मेले में झगड़ा करने वाले रिजवान और उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में सांप्रदायिक



लापता युवक का फाइल फोटो

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

### लापता युवक की मां के साथ थाने पहुंची महिलाओं का जबरदस्त हंगामा

**भोपा, 01 सितम्बर (बु.)।** बेलड़ा मेले में मारपीट होने के बाद आरोपियों द्वारा पीछा करने पर गंगनहर में कूदे युवक वंश की माता मौसम बीते दो दिन से सहारनपुर में आयोजित किसी सत्संग में गई हुई थी। जैसे ही उसे अपने इकलौते पुत्र के लापता होने की जानकारी मिली, तो वह आनन-फानन में घर पहुंची जहां घटना की जानकारी मिलने पर दर्जनों महिलाओं के साथ थाने पहुंचकर अपने पुत्र को तलाश करने की गुहार लगाई। इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं ने जबरदस्त हंगामा किया। बेबस मां के आंसू और चीत्कार देखकर थाने में मौजूद महिला पुलिसकर्मियों सहित मौके पर मौजूद ग्रामीणों की आंखे छलक आई। बेबस मां मौसम और उसकी पुत्री रोते-रोते बार-बार वंश को ढूंढ लाने की गुहार लगाती रही।

## हाईवे पार कर रहे मासूम को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**मुजफ्फरनगर, 01 सितंबर (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के नरा-जड़ौदा चौराहे पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हाईवे पार कर रहे करीब 10 वर्षीय मासूम बच्चे अंशुल को तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में



बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में अंशुल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए फरार बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा रही है।

## शेरपुर में आठ बच्चों के पिता का शव मिला

**मुजफ्फरनगर, 1 सितम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर के रास्ते पर एक युवक का शव पड़ा मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस की जांच में आया कि युवक की हादसे में मौत हुई है, क्योंकि घटनास्थल पर उसकी बाइक सड़क पर पड़ी हुई थी और वहीं ट्रॉली भी खड़ी हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह शेरपुर के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि रास्ते में एक युवक का शव पड़ा हुआ है, जिसके सिर पर चोट के निशान हैं। जानकारी प्राप्त होते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए। मृतक की शिनाख्त गांव के इरशाद के रूप में हुई। सिर पर चोट लगने के कारण परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया था और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। इरशाद की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक इरशाद के 8 बच्चे हैं। थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला दुर्घटना प्रतीत हो रहा है, क्योंकि मृतक की बाइक जमीन पर गिरी पड़ी और घटनास्थल के पास ट्रॉली खड़ी हुई है। ऐसा लग रहा है कि उसकी बाइक ट्रॉली से टकराई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।





## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सठेड़ी के पूर्व प्रधान की मौत

**खतौली 1 सितम्बर (बु.)।** नेशनल हाईवे स्थित सेंट मैरी स्कूल के सामने मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्राम सठेड़ी के पूर्व प्रधान आनंद प्रकाश (62) की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने गंभीर रूप से घायल को सीएचसी खतौली पहुँचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम सठेड़ी निवासी आनंद प्रकाश पुत्र वेदप्रकाश के रूप में हुई। वह वर्ष 2010 में ग्राम प्रधान रह चुके थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वाहन और चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।



## 10 आईपीएस अफसर हुए सेवानिवृत्त

**लखनऊ, 1 सितंबर (एजेंसी)।** , 31 अगस्त को 10 आईपीएस अफसर रिटायर हो गए हैं। इनमें डीजी फायर मुथा अशोक जैन, रवि जोसेफ लोक्कू, आईजी सीआईडी अखिलेश कुमार निगम रिटायर, डीआईजी यूपी 112 शहाब रशीद खान, डीआईजी वाराणसी कमिश्नरेट आलोक प्रियदर्शी रिटायर, डीआईजी पीएसी मुख्यालय सुनीता सिंह सेवानिवृत्त, एसपी लखनऊ कमिश्नरेट कमलेश दीक्षित रिटायर, एसपी ईओडब्ल्यू अरविंद मिश्रा, एसपी ट्रेनिंग मुख्यालय हरि गोविंद, एसपी पीएसी 49वीं वाहिनी राम नयन सिंह रिटायर होने वालों में शामिल हैं।

## शाहपुर बीडीओ रिश्वत वीडियो में फंसे, हटाकर जांच के लिए समिति गठित

**मुजफ्फरनगर, 1 सितंबर (बु.)।** शाहपुर के खंड विकास अधिकारी को मनरेगा के कामों में कमीशन मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद शाहपुर ब्लॉक से अटैच कर वहां दूसरे अधिकारी को नियुक्त किया गया है। बीडीओ शाहपुर को लेकर आज एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इसमें कथित रूप से बीडीओ को रिश्वत मांगते दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेश पर खंड विकास अधिकारी शाहपुर को शाहपुर से हटा कर मुख्यालय से अटैच कर जांच कमेटी भी नियुक्त की गई है। मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देश भूषण ने बताया कि खंड विकास अधिकारी शाहपुर का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसकी जांच के लिए समिति का गठन किया गया है। उपायुक्त स्वतः रोजगार बीएन पांडेय की अध्यक्षता में गठित इस समिति में जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया को शामिल किया गया है। इस बीच खंड विकास अधिकारी शाहपुर परशुराम को हटाकर अरविंद कुमार त्यागी खंड विकास अधिकारी शाहपुर बनाए गए हैं। सीडीओ ने बताया कि जांच समिति उक्त वीडियो की सत्यता की जांच करेगी और इसके बाद इस मामले में आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक के गुप्तांग पर धारदार हथियार से हमला

**चरथावल, 01 सितम्बर (बु.)।** चरथावल कस्बे में बधाई मांगने के विवाद को लेकर एक 22 वर्षीय युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसका गुप्तांग गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को पहले स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, हालांकि घटना के कई घंटे बीतने के बाद भी पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। कस्बा चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़ निवासी राजा (22) पुत्र अनिल का कस्बे के मौहल्ला तीरगरान निवासी किन्नर गुरु पप्पी से क्षेत्र में बधाई मांगने को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि सुबह किन्नर गुरु पप्पी ने युवक के घर जाकर उसे क्षेत्र में बधाई मांगने से मना भी किया था। आरोप है कि इसके बाद युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसके गुप्तांग को काट दिया गया। लहूलुहान हालत में पीड़ित को सीएचसी चरथावल पहुंचाया गया। वहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति देखते हुए जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया। घायल युवक ने मौहल्ला तीरगरान निवासी पप्पी किन्नर पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है।

### मामले को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी पुलिस

**चरथावल, 1 सितम्बर (बु.)।** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि घायल को तुरंत उपचार के लिए भिजवाया गया था। घटना के 10 घंटे बीत जाने के बाद भी पीड़ित या उसके परिजनों की ओर से थाने में कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानकर विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।



### ककरौली थाने का ड्राईवर सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 1 सितम्बर (बु.)।** ककरौली थाना क्षेत्र में रात के समय जेसीबी मशीन चलाने की एंट्री के नाम पर कथित तौर पर पैसे लिए जुड़ा एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। क्षेत्र खनन के लिए जेसीबी मशीन चलाने के लिए एंट्री देने व उसके बदले पैसे मांगने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल ऑडियो में जेसीबी संचालक बातचीत के दौरान कहते हुए सुनाई देता है। इसमें उनकी बारात चढ़ जाएगी और पैसे एसओ साहब ले रहे हैं। उधर थाने का ड्राईवर कुछ करने में असमर्थता जता रहा है। वायरल ऑडियो में यह भी दावा किया गया है कि पिछले करीब 8 दिनों से काम चल रहा है तभी से जेसीबी मशीन को एंट्री दी जा रही है। जेसीबी संचालक यह भी कहता हुआ सुनाई दे रहा है कि उसकी गलती तब होती जब वह पैसे नहीं देता। वायरल ऑडियो पर एसएसपी ने संज्ञान ले लिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि वायरल ऑडियो के सम्बंध में थाने के ड्राईवर प्रवीण कुमार को सस्पेंड कर दिया है।

## मकान का झांसा देकर ग्राम प्रधान ने किया महिला से दुष्कर्म, विरोध पर बेटी से भी अभद्रता का आरोप

**भोपा, 01 सितम्बर (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने मकान में आसरा देने के नाम पर कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर ग्राम प्रधान पर उसके साथ दुष्कर्म करने और विरोध पर पुत्री के साथ अभद्रता करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। भोपा थाने पर पहुंची थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने आरोपी ग्राम प्रधान के खिलाफ तहरीर देकर बताया कि उसके पति की आरोपी ग्राम प्रधान से पुरानी जान-पहचान थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने कहा कि तुम्हारी बहन का मकान छोटा है, भीड़-भाड़ है मेरा एक मकान भोपा में खाली पड़ा है, अगर तुम चाहो तो वहां परिवार समेत रह सकती हो। ग्राम प्रधान के भरोसे में आकर पीड़िता दिसंबर 2025 से उसके मकान में रहने लगी। आरोप है कि इसके बाद आरोपी की नीयत खराब हो गई और वह पीड़िता और उसकी बेटी पर बुरी नजर रखने लगा। तहरीर के अनुसार बीते 2 जून 2026 को दोपहर आरोपी कोल्ड ड्रिंक लेकर उसके घर पर आया। पीड़िता अकेली थी। उसने उसे कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दी। आरोप है कि कोल्ड ड्रिंक पीते ही वह बेहोश हो गई और आरोपी ने बेहोशी की हालत में उसके साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। होश में आने पर जब पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोपी आग बबूला हो गया। पीड़िता का आरोप है कि उसने गाली-गलौच और मारपीट की और किसी को घटना के बारे में बताने पर बच्चों समेत जान से मार देने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं आरोपी ने उस समय मौजूद उसकी बेटी के साथ भी छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की। पीड़िता ने बताया कि आरोपी बेहद झगड़ालू और दबंग किस्म का व्यक्ति है, जिस पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। इसी डर से वह इतने दिन चुप रही और मकान भी खाली कर दिया। अब पति को आपबीती बताकर हिम्मत जुटाकर वह थाने पहुंची है। भोपा पुलिस के अनुसार महिला की तहरीर पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## नगर में 7 अवैध फैक्ट्रियां सील, बिजली कनेक्शन काटे

**▶▶ नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर के नेतृत्व में टीम ने सुजडू क्षेत्र में की छापेमारी**

**मुजफ्फरनगर, 01 सितम्बर (बु.)।** प्रदूषण विभाग सहित अन्य विभागों से बिना एनओसी लिए संचालित हो रही अवैध फैक्ट्रियों पर मंगलवार को कार्रवाई हुई है। संयुक्त टीम ने सात इकाइयों को सील करते हुए उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए हैं। जनपद में अवैध रूप से संचालित वायु प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ प्रशासन और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कड़ी कार्रवाई की है। डीएम उमेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर गठित संयुक्त समिति की आख्या के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर के नेतृत्व में टीम ने सुजडू क्षेत्र में छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान बिना राज्य बोर्ड से अनापत्ति प्राप्त किए अवैध रूप से संचालित पाई गईं सात स्लैग क्रशिंग और वेस्ट स्क्रैप मेल्टिंग इकाइयों के मुख्य गेटों को सील कर दिया गया तथा उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। कार्रवाई के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अवर अभियंता राजा गुप्ता, जिला उद्योग केंद्र के कनिष्ठ सहायक गौरव कुमार तथा विद्युत विभाग के अवर अभियंता चंद्रशेखर उपस्थित रहे। प्रशासनिक टीम ने मौके पर ही सभी सातों इकाइयों के बिजली कनेक्शन काटकर रसीद जारी की। सील की गई इकाइयों में रेनबो रोड स्थित मैसर्स कामरान एंटरप्राइजेज, मैसर्स इस्लाम डस्ट आयरन, मैसर्स शेखजी एंटरप्राइजेज, मैसर्स इस्लाम अहमद, मैसर्स एआर ट्रेडर्स, मैसर्स मौ. शाहिब तथा मैसर्स इण्डिया ट्रेडर्स शामिल हैं। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से प्रदूषण फैला रहे उद्योग संचालकों में हड़कंप मच गया है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गितेश चंद्रा ने बताया कि प्रदूषण फैलाने व अवैध रूप से इकाइयों का संचालन करने पर संयुक्त कार्रवाई की गई है। इकाइयों को सील करने के साथ उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए हैं। मानिटरिंग भी बढ़ाई जा रही है।



श्री कृष्ण कृपा

**रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।
श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 2 (श्लोक 23)



अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूज्य

**श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता जी (पूर्व आयकर अधिकारी)**

सोमवार 24 अगस्त, 2026 को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके श्रीचरणों में शरणागति प्राप्त करने हेतु गोलोक गमन कर गये हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी **बृहस्पतिवार 03 सितम्बर 2026** को निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम**

- ब्रह्मभोज : 12 बजे दोपहर
- रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा : 2 बजे दोपहर
- कार्यक्रम स्थल- बारात घर, गांधी कॉलोनी, पचेण्डा रोड, मुजफ्फरनगर

**प्रतिष्ठान**

अमर कान्त गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स
(GST & INCOME TAX)
कृष्णा चैम्बर
202-A, सिविल लाईन्स (साउथ), मुजफ्फरनगर

**शोकाकुल परिवार**

अमर कान्त गुप्ता एडवोकेट - प्रो. निशा गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधू)
समर कान्त गुप्ता LIC - रजनी गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधू)
महिमा गुप्ता (पुत्रवधू), हर्षवर्धन गुप्ता, सार्थक गुप्ता (पौत्र)
एवं समस्त गुप्ता परिवार

निवास स्थान : 17 व 78, पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर, सम्पर्क सूत्र - 9837156133, 9897064404

**विनम्र श्रद्धांजलि**

संरक्षक महेन्द्र कुमार गोयल | संरक्षक श्याम लाल बंसल | संरक्षक कुंज बिहारी अग्रवाल | संरक्षक गिरीश अग्रवाल | संरक्षक लावण्य पुरी
संयोजक/संरक्षक एडवोकेट अमरकान्त गुप्ता | संयोजक/संरक्षक डॉ. मनोज काबरा | संरक्षक/चेयरमैन सुरेन्द्र अग्रवाल
अध्यक्ष कमल गोयल | वरि. उपाध्यक्ष रामबीर सिंह | उपाध्यक्ष एड. आर. के. मलिक | उपाध्यक्ष अजय गोयल (पेट्रोल पम्प वाले) | उपाध्यक्ष अजय गर्ग (बैंक वाले) | सचिव अतुल कुमार गर्ग | कोषाध्यक्ष सुभाष गर्ग

**श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार, मुजफ्फरनगर**

